पावर सिस्टम ऑपरेशन कार्पोरेशन लिमिटेड

केन्द्रीय मानव संसाधन विभाग
राजभाषा अनुभाग

दिनांक–19-01-2022

विषय : वर्ष 2021–22 की तृतीय तिमाही बैठक का कार्यवृत्त

केन्द्रीय कार्यालय पोसोको में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की वित्त वर्ष 2021-22 की तृतीय तिमाही बैठक दिनांक 17-12-2021 को संध्या 1700 बजे सम्मलेन कक्ष में सम्पन्न हुई , बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे :-

श्री के.वी.एस बाबा, अध्यक्ष	श्री निशदीप सिंह, सदस्य
श्री एस.आर नरसिम्हन, सदस्य	श्री मनोज अग्रवाल, सदस्य
श्री एस.एस बड़पंडा, सदस्य	श्री एस एस गुप्ता, सदस्य
श्री अंशुल भार्गव, सदस्य	श्री अनुराग गंगवार, सदस्य
	श्रीमति प्रीति चतुर्वेदी, सदस्य
	मो॰ इसलाम खान, राजभाषा अधिकारी एवं सदस्य सचिव

समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए सदस्य सचिव ने पिछली बैठक दिनांक 28-09-2021 का कार्यवृत्त प्रस्तुत किया, जिसकी समीक्षा करके समिति द्वारा पारित किया गया, तत्पश्चात उक्त बैठक में निम्नलिखित मुद्दों के ऊपर विस्तार से चर्चा हुई:-

1. **पुस्तकालय हेतु पुस्तक की खरीदी:** वित्तीय वर्ष 2021-22 हेतु पुस्तकालय के लिए पुस्तक खरीदने हेतु अध्यक्ष महोदय जी ने सुझाव दिया कि एक समिति का गठन कर पुस्तकों की सूची तैयार की जाए और कुल पुस्तक की 50% राशि की पुस्तक हिन्दी में खरीदी जाए।

2. **राजभाषा कार्यशाला :** श्री एस.आर नरसिम्हन(सदस्य) जी ने द्वितीय तिमाही राजभाषा कार्यशाला के सफलता के पश्चात तृतीय तिमाही राजभाषा कार्यशाला को फरवरी माह में आयोजन करने का सुझाव दिया, जिसमें पत्र लेखन अभ्यास पर सत्र आयोजन करने हेतु सुझाव रखा और साथ ही सभी विभागाध्यक्षों से हिन्दी कार्यशाला में अधिक से अधिक अधिकारियों को नामित करने के लिए आग्रह किया।

3. **राजभाषा वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन -** श्री अंशुल भार्गव जी ने राजभाषा की प्रगति को और बढ़ावा देने हेतु कार्मिकों की कलात्मक प्रतिभा को उजागर करने के उद्देश्य से एक राजभाषा वार्षिक पत्रिका प्रकाशन करने का सुझाव दिया।

4. **सभी नाम पट्ट, नोटिस बोर्ड, प्रारूप आदि की द्विभाषिता:** कार्यालय में सभी तरह के नाम पट्ट, नोटिस बोर्ड, प्रारूप पूर्ण रूप से द्विभाषी में उपलब्ध हैं और आगे भी भविष्य में तैयार किए जाने वाले इन सभी तरह के प्रारूप को द्विभाषी रूप में तैयार की जाये इसपर चर्चा की गयी।

5. **हिन्दी में अधिक कार्य :** श्री निशदीप सिंह जी ने कहा कि सभी कार्मिक अपने दैनिक कार्यालीन कार्य राजभाषा हिंदी में मजबूरी समझ कर न करें अपितु अपनी नैतिक जिम्मेवारी मान कर करें। अध्यक्ष महोदय ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना सभी कार्मिकों का दायित्व ही नहीं अपितु संवैधानिक कर्तव्य भी है।

सचिव के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी ।

मो॰ इसलाम खान
राजभाषा अधिकारी